(ग) पुरुष डाक्टरों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।

विवरण

	पुरुष डाक्टर
1. डा० राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली	2
2. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली	4
3. लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, नई दिल्ली	3
4. कस्तूरबा गांधी प्रसूति अस्पताल, नई दिल्ली	1
5. गिरधारी लाल अस्पताल	शून्य
6. हिन्दुराव अस्पताल	शून्य
7. स्वामी दयानन्द अस्पताल, शाहदरा	शून्य

सुल्तान गंज से देवघर तक रेलवे लाइन

221. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुल्तानगंज से देवघर तक सीधी रेल लाइन बिछाए न जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह सच है कि बरियार-स्टेशन तक के यात्रियों को स्टेशन भवन, जन सुविधाएं, जल और विश्राम गृह जैसी पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि क्यूल और जसीडीह नामक स्थानों पर यात्रियों के लिए आरक्षण की सुविधा न होने के कारण यात्रियों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है; और

(घ) सरकार इसमें सुधार करने तथा इस क्षेत्र का विकास करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) सुल्तानगंज से देवघर तक सीधी रेल लाइन के निर्माण के बारे में विचार नहीं किया गया है । रेलें नयी लाइन परियोजनाओं के लिए संसाधनों की अत्यधिक तंगी का सामना कर रही हैं ।

(ख) यातायात के स्तर के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

(ग) इन दोनों स्टेशनों के बीच एक्सप्रैस गाड़ियों से यात्रा में 3 घंटे से भी कम समय लगता है । अतः इन स्टेशनों के बीच यात्रा के लिए आरक्षण सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गयी है ।

(घ) क्यूल और भागलपुर के बीच नाजुक खण्डों पर कहीं-कहीं दोहरी लाइन बिछाने , सुल्तानगंज में गहरे नलकूप की व्यवस्था करने तथा बरियारपुर में एक दूसरे नलकूप की व्यवस्था करने से सम्बन्धित काम शुरू कर दिये गये हैं ।

जमालपुर की रेलवे वर्कशाप

222. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जमालपुर रेलवे वर्कशाप के विकास के लिए कोई योजना बनाने का विचार रखते हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां,

(ख) कर्षण मशीनों के पुनर्वेष्ठन, डजल रेल इंजन की आवधिक ओवरहाल के काम की गति तेज करने, 140 टन डीजल हाइड्रोलिक क्रेनों के निर्माण और बी ओ एक्स माल डिब्बा बोगियों